आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13 फरवरी 2026 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- विधानसभा में समाजवादी पार्टी सदस्य के सवाल पर बोले वित्त मंत्री सुरेश खन्ना–प्रदेश में अब तक बारह लाख करोड़ रूपये से अधिक का हो चुका है निवेश। पन्द्रह लाख से अधिक लोगों को मिला है रोजगार।
- लोकसभा में औद्योगिक संबंध संहिता संशोधन विधेयक–दो हजार छब्बीस हुआ पारित। केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा– पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन की गारंटी देती है नई श्रम संहिता।
- महाशिवरात्रि को लेकर प्रदेश भर में तेज हुयी तैयारी। मंदिरों की सफा–सफाई और सुरक्षा के किये जा रहे विशेष इंतजाम।
- कक्षा 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए इस वर्ष से ऑन–स्क्रीन मार्किंग शुरू करेगा सीबीएसई।

**********

विधानमंडल के बजट सत्र के चौथे दिन कल विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा जारी रही। प्रश्नकाल में सपा सदस्य रागिनी सोनकर के प्रदेश में निवेश से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रदेश में 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आ गया है। 15 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। वहीं प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि 2018 में शुरू की गई वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना ने प्रदेश के पारंपरिक कारीगरों और उत्पादकों को नई पहचान दी है। श्री सचान ने बताया कि अब तक प्रदेश में एक लाख 31 हजार कारीगरों को निःशुल्क प्रशिक्षण और टूल किट प्रदान की गई है।

***पूरे प्रदेश के जो भी उत्पाद है उन उत्पादों की पहचान करा के उनके से जुड़े जो लोग थे उनको ट्रेनिंग देना ट्रेनिंग देकर के टूल किट देना, टूल किट दे कर के वित्तीय सहायता देकर के उनके उद्यम को प्रमोट करना ये लगातार सरकार का काम चल रहा है सिर अब तक 1,31, 000 कारीगरों को निःशुल्क और प्रशिक्षण टूल किट दिया गया है।***

**********

लोकसभा ने कल औद्योगिक संबंध संहिता संशोधन विधेयक 2026 पारित कर दिया। यह विधेयक औद्योगिक संबंध संहिता 2020 में संशोधन करता है। इस दौरान लोकसभा में चर्चा का उत्तर देते हुए केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि 17 राष्ट्रीय श्रम संगठनों ने कहा है कि श्रम संहिता श्रमिकों के हित में लागू की गई है। उन्होंने बताया कि संहिता पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन की गारंटी देती है और श्रमिकों का समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करती है।

***मिनिमम वेज तो सरकार सेंट्रल गवर्नमेंट एक एड्वाइजरी के रूप में तय करती थी आज तक सभी स्टेट को लागू करना नहीं करना ये उनके ऊपर डिपेंड था ये लेबर कोड में हमने सुनिश्चित करा है हम फ्लोर वेज लाएंगे स्टैच्यूटरी बैकिंग के साथ कोई भी स्टेट उसके नीचे वेज नहीं देंगे।***

**********

विधान परिषद में कल सपा सदस्य शाहनवाज ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सहारनपुर में एयरपोर्ट संचालन की मांग की, जिसके जवाब में नेता सदन और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार लगातार इस दिशा में काम कर रही है।

***2017 से पहले केवल 4 एयरपोर्ट लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, आगरा या केवल संचालित होते थे। आज 12 एयरपोर्ट और संचालित है।उसमें प्रयागराज, हिंडन गाजियाबाद, बरेली, कुशीनगर, कानपुर नगर, अयोध्या, अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती, चित्रकूट, सरसाव सहारनपुर भी उस श्रेणी में आ गया है। अभी जहाज नहीं उड़ रहे जो हमारे जो तैयारी किया है। ये हमारी सरकार के समय ही ये हुआ है।***

सवालों के जवाब के क्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि हमारी सरकार विकसित उत्तर प्रदेश के सपने को साकार करने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। प्रदेश में इक्यासी मेडिकल कॉलेज पूरी क्षमता के साथ रोगियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। पिछली सरकारों ने स्वास्थ्य सेवाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जबकि हमारी सरकार धरातल पर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज का नया उत्तर प्रदेश विकास पथ पर तेजी से दौड़ रहा है।

**********

प्रदेश के बजट 2026–27 में पर्यटन विकास पर सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। मुख्यमंत्री पर्यटन स्थल विकास योजना के लिए 500 करोड़ रुपए प्रस्तावित किए गए हैं। श्री नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद द्वारा नैमिषारण्य क्षेत्र में पर्यटन अवस्थापना विकास के लिए 100 करोड़ और विंध्यवासिनी देवी धाम और वाराणसी में पर्यटक सुविधाओं के विकास के लिए भी 100–100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वहीं अयोध्या में पर्यटन अवस्थापना विकास के लिए 150 करोड़ प्रस्तावित किये गये हैं, जिससे यहां के साधु संतों में प्रसन्नता है। रामबल्लभा कुंज मंदिर के महंत राजकुमार दास ने कहा कि बजट में अयोध्या का विशेष ध्यान रखा गया है।

***अयोध्या का भी विशेष ध्यान रखा गया है। ऐसे तो विश्व की सर्वश्रेष्ठ नगरी के रूप में पर्यटन के रूप में विकसित हो। इसका तो पहले से भी ध्यान है और बजट में भी उसका ध्यान रखा गया है। इसलिए अयोध्या वासियों को भी विशेष प्रसन्नता है।***

**********

महाशिवरात्रि को लेकर प्रदेश भर में तैयारियां तेजी से चल रही हैं। मंदिरों, शिवालयों की विशेष साफ–सफाई के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े इंतजाम किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा है कि महाशिवरात्रि समेत आगामी त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों से पुलिस और प्रशासन सख्ती से निपटेगा। उधर, महाशिवरात्रि को लेकर बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर पहुंचने वाले कांवड़ियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिसको देखते हुए जिला प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। एक रिपोर्ट–

***लोधेश्वर महादेव मंदिर पर हर साल लाखों की संख्या में कांवरिये जलाभिषेक के साथ पूजन अर्चन दर्शन करते है । इस बार भी बड़ी संख्या में कांवरिए यहां पहुंच रहे है जिसे देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने सेक्टर में भीड़ प्रबंधन, बैरिकेडिंग, यातायात डायवर्जन, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। हाईवे पर कांवरियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा गोंडा–लखनऊ राजमार्ग पर डायवर्जन किया गया है और सड़क पर केवल कांवरियों को ही चलने की अनुमति दी गई है। परवेज अहमद आकाशवाणी समाचार बाराबंकी।***

हापुड़ की तीर्थनगरी गढ़मुक्तेश्वर बृजघाट में गंगा जल लेने के लिए भी कावड़िए पहुंचने लगे हैं। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

***हमारे यहां पर बहुत बड़ी संख्या में ब्रजघाट में चौदह तारीख से लोगों का आगमन शुरू हो जाएगा। कुछ कांवड़िया अभी भी आ रहे हैं। कांवड़ियों के आगमन को सुगम बनाने के लिए जितनी भी सड़कें थी, जिसमें पैचवर्क की आवश्यकता थी, वह काम कर लिया गया है। जहां पर भी प्रकाश व्यवस्था की कमी थी, वहां पर भी प्रकाश की व्यवस्था कराकर विशेष तौर पर ब्रजघाट पर बैरिकेडिंग जेटी की व्यवस्था कराई गई है और महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था हो, पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद हो, इसके विषय में भी तैयारियां कर ली गई हैं।***

वहीं, हर वर्ष की तरह इस बार भी महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर और भरोहिया स्थित शिव मंदिर में दर्शन–पूजन करेंगे। इसे लेकर जिलाधिकारी दीपक मीणा और एसएसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने कल सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई इस वर्ष से कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन–स्क्रीन मार्किंग लागू करेगा। हालांकि, कक्षा 10 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहले की तरह ही भौतिक रूप से किया जाएगा।

सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि बोर्ड ने दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए इस वर्ष की परीक्षा से कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन–स्क्रीन मार्किंग शुरू करने का निर्णय लिया है। बोर्ड ने इस वर्ष से कक्षा 10 की द्वितीय बोर्ड परीक्षा आयोजित करने की घोषणा की है।

**********

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की लिखित परीक्षा अट्ठारह फरवरी से शुरू होगी, जो बारह मार्च तक चलेगी। परीक्षा को लेकर तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। अधिकांश परीक्षा केन्द्रों के स्ट्रांग रूम में प्रश्न पत्र पहुंचा दिये गये हैं और केन्द्र व्यवस्थापक, वाहय केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, कक्ष निरीक्षक और जिला एवं मण्डल स्तर पर राज्य स्तरीय परीक्षक नियुक्त कर दिये गये हैं। आज प्रदेश के अपर मुख्य सचिव माध्यमिक पार्थ सारथी सेन शर्मा लखनऊ में बैठक कर परीक्षा तैयारियों की समीक्षा करेंगे, जिसमें प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षक वर्चुअली शामिल होंगे।

**********